डीएमएफ से फिर होगी करोड़ों रुपए की सामग्री खरीदी

डीएमएफ सिंगरौली की 29 जून को हुई बैठक में हुआ था निर्णय, 29 सितम्बर को जारी हुआ था आदेश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 नवम्बर। जिला खनिज प्रतिष्ठान सिंगरौली की 27 जून 2024 को न्यास मण्डल की 21वीं बैठक कलेक्ट्रोरेट सभागार में आयोजित की गई थी। जहां कई विभागो में एक बार फिर से करोड़ों रूपये के विभिन्न सामग्रियां क्रय करने के लिए 29 सितम्बर को मंजूरी देते हुये आदेश जारी किया है। हालांकि यह आदेश पूर्व में पदस्थ कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के कार्यकाल का है।

ज्ञात हो कि न्यास मण्डल, जिला खनिज प्रतिष्ठान सिंगरौली की बैठक पिछले वर्ष 27 जून 2024 को न्यास मण्डल की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। बैठक में न्यास मण्डल के अध्यक्ष एवं कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, बतौर सदस्य के रूप में राज्यमंत्री राधा सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक रामनिवास शाह, राजेन्द्र मेश्राम, विश्वामित्र पाठक, कुंवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष

सोनम सिंह, महापौर रानी अग्रवाल, नपानि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत पदेन सदस्य सचिव, न्यास मण्डल डीएमएफ, खनि अधिकारी आकांक्षा पटेल, कार्यपालन यंत्री लोनिवि व्हीके चौरसिया, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एनकेएस मरकाम एवं जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह सदस्य न्यास मण्डल मौजूद थे। बैठक में जिला खनिज प्रतिष्ठान सिंगरौली की निधि से स्वीकृत कार्यो, परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा, नवीन प्रस्तावों एवं कार्यो की स्वीकृति पर चर्चा तथा आय-व्यय के लेखाओं की समीक्षा की गई। बैठक में चर्चा एवं विचार विमर्श उपरांत कई निर्णय लिये गये। जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना, वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन, स्वीकृति के लिए नवीन कार्यो पर चर्चा एवं उसके प्रगति समेत अन्य कई बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इसके बाद कई कार्यो को न्यास मण्डल ने हरी झण्डी दिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना के भाग-क में जिले में उपलब्ध राशि करीब 160 करोड़ रूपये को उच्च एवं अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में खपाने की खर्च करने की योजना बनाई गई है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, महाविद्यालयों, छात्रावासो समेत कई विभागों में विभिन्न सामग्री, फर्नीचर, कम्प्यूटर व अन्य खरीदने के लिए 29 सितम्बर 25 को मंजूरी मिली है। चर्चाएं की जा रही है कि पूर्व की भांति इस बार भी सामग्रियों की खरीदी में भ्रष्टाचार की बू आ सकती है। डीएमएफ की राशि का पूर्व में किस कदर दुरूपयोग हुआ है, यह बात किसी से छुपी नही है। बहरहाल वित्तीय वर्ष 2025-26 भाग-क की राशि में सामग्रियों के क्रय के लिए विभागों को मिली मंजूरी के बाद जारी आदेश को देख लोगबाग तरह-तरह की चर्चाएं करने लगे हैं।

स्वीकृत कार्यों की समीक्षा कराने की उठने लगी मांग

जिले में पिछले चार वर्षो तक डीएमएफ की राशि जारी होने और कुछ चर्चित एजेंसियों के कामकाज को लेकर जिला प्रशासन की जमकर किरकिरी होती आ रही है। विपक्षी दल के कई नेताओं का आरोप है कि जिला खनिज प्रतिष्ठान के मद में व्यापक तौर पर राशि की बंदरबांट हुई है और इसके आड़ में कई दलालों ने धन की उगाही-बगाही की है। अब नवागत कलेक्टर गौरव बैनल से प्रबुद्धजन काफी उम्मीदें लगाये बैठे हैं कि अब खनिज प्रतिष्ठान मद की राशि में बंदरबांट एवं कमिशनखोरी तथा बेजा उगाही-बगाही नही होगी। उक्त स्वीकृत कार्यो की पुनः समीक्षा कराने की मांग की जाने लगी है, ताकि दलालो का भेद खुल जाए।

यदि कार्य निरस्त हुआ तो हो सकते हैं कई खुलासे

जानकार बताते हैं कि खनिज प्रतिष्ठान मद पिछले कुछ वर्षो से काफी चर्चाओं में रहा है। कई दलाल एजेंसियों को मंजूर कराने का इतना दम भरते थे कि कभी-कभी उनकी बात सच भी हो जाती थी। दलाल किसके माध्यम से डीएमएफ की राशि खण्ड-क को मंजूर करा पाने मे सफल हो जाते थे, यह कथित दलाल ही बता पाएंगे। लेकिन अब कहा जा रहा है कि यह कलेक्टर द्वारा सामग्रियों के क्रय संबंधी एवं भवनों के पेंटिग समेत अन्य कार्यो को निरस्त कर दिये तो कई चौकाने वाले मामले सामने आ सकते हैं और कथित विभाग के अधिकारियों की भी ढोल का पोल भी खुल जाएगा। हालांकि यह तो कलेक्टर के पाले में गेंद है।

डेढ़ महीने बाद भी लमसरई प्राचार्य का नहीं हुआ निलम्बन

संभागायुक्त के यहां कलेक्टर का प्रस्ताव ठण्डे बस्ते में

नवभारत न्यूज

चितरंगी 11 नवम्बर। स्थानीय विकास खण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लमसरई में पदस्थ प्राचार्य के खिलाफ निलम्बन का प्रस्ताव सितम्बर महीने के चौथे सप्ताह में तत्कालीन कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने संभागायुक्त रीवा के भेजा था, लेकिन उक्त प्रस्ताव ठण्डे बस्ते में पड़ा हुआ है।

गौरतलब है कि शाउम विद्यालय लमसरई के प्राचार्य पर कई गंभीर आरोप हैं। जांच उपरांत आरोप सही पाया गया था। जहां तत्कालीन कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने डीईओ के प्रतिवेदन के आधार पर प्राचार्य उदयबहादुर सिंह को निलम्बित किये जाने का प्रस्ताव सितम्बर महीने में संभागायुक्त रीवा के यहां भेजा गया था। लेकिन अभी तक करीब डेढ़ महीने बाद भी विवादित प्राचार्य के विरूद्ध निलम्बन की कार्रवाई नही हुई। चर्चा है कि कलेक्टर का प्रस्ताव संभागायुक्त के दफ्तर में धूल खा रहा है। प्राचार्य का अब तक निलम्बन संभागायुक्त के यहां से क्यों नही हुआ, इसको लेकर प्राचार्य के खिलाफ क्रमिक अनशन करने वाले छात्रों के अभिभावको एवं ग्रामीणों ने तरह-तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं।

एक नजर में

जन सुनवाई में सीमांकन एवं बिजली की पहुंची शिकायत

सिंगरौली। जिले के विभिन्न अंचलो से आये हुये आम नागरिको ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्रो को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय को दिया। जन सुनवाई में ही मूलभूत सुविधा दिलाए जाने के लिए कई आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें गीता साकेत निवासी पिपराझापी द्वारा बीपीएल राशन कार्ड की मांग की गई, सुनील कुमार विश्वकर्मा निवासी खुटार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत राशि एवं संगीता देवी निवासी नवजीवन विहार ने लाडली बहना योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग की गई।

घर-घर जाकर बीएलओ कर रहे गणना प्रपत्र का वितरण

सिंगरौली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव बैनल के मार्गदर्शन में अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर कार्य किया जा रहा है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण और संग्रह का कार्य कर रहे है। किसी भी मतदाता से दस्तावेज नहीं लिया जा रहा है, बीएलओ द्वारा केवल गणना प्रपत्र भरवाया जा रहा है।

आश्रय स्थल में ठण्ड से बचाव के लिए सभी सुविधाए उपलब्ध हैं : अक्षत

नोडल अधिकारी ने आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 नवम्बर। नपानि आयुक्त सविता प्रधान के द्वारा वर्तमान में शीतलहर को मद्देनजर रखते हुए खुले में सोने वाले बेघरों को आश्रय स्थल में सभी व्यवस्था, उपलब्ध कराने के निर्देशित किया।

तारतम्य में आश्रय स्थल के नोडल अधिकारी अक्षत उपाध्याय के द्वारा विगत दिवस रात्रि में आश्रय स्थल पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओ का अवलोकन किया गया। साथ ही आश्रय स्थल में ठहरे नागरिको से संवाद आश्रय स्थल में की व्यवस्थाओं के संबंध में उनकी राय जानी गई। नोडल अधिकारी उपाध्याय ने आश्रय स्थल का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि आश्रय स्थल में रात्रि के समय ठहरने वाले नागरिको को सभी व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने कहा पुरूष तथा महिलाओं के ठहरने के लिए अलग-अलग प्रबंध किया गया। नगारिको को ठण्ड से बचाव के लिए बेहत गुणवत्ता वाले कंबल तथा रजाईयां उपलब्ध कराया गया है। साथ ही कमरे में गर्मी रहे, इसके लिए हीटर की भी व्यवस्था की गई। नोडल अधिकारी ने बताया कि रात्रि के समय 10 बजे से 11 बजे के बीच आश्रय स्थल के कर्मचारियों द्वारा आसपास घूमकर खुले में रात्रि विताने वाले नागरिको को आश्रय स्थल में रात्रि बिताने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एनयूएलएम के सीटी मिशन मैनेजर कृष्णा पटेल तथा पवन मिश्रा मौजूद रहे।

साहब ...पानी नहीं, न्याय चाहिए, हैंडपंप खनन का मामला

जनसुनवाई में न्याय की प्यास, हैंडपंप की कहानी में सिस्टम पर जुबानी प्रहार, हेडमास्टर के खिलाफ भी शिकायत

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 नवम्बर। कलेक्ट्रोरेट में आयोजित की जनसुनवाई में इस बार सबसे गहरी आवाज पानी की नहीं, प्यास की थी। रामसुमन साकेत अपने आवेदन के साथ पहुंचे और बोले साहब मेरा हेंडपंप किसी और के आंगन में खुद गया है।

जनसुनवाई में मौजूद अफसरों ने पहले तो मुस्कुराकर सोचा यह कोई मजाक है, लेकिन जब पत्र देखा गया, तो सिस्टम का असली चेहरा पानी से पहले सामने आ गया। गौरतलब है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कहानी भी अब किसी धारावाहिक से कम नहीं रही, हर एपिसोड में एक नया ट्विस्ट। यहां स्वीकृति एक जगह की होती है, खुदाई दूसरी जगह और जवाब तीसरी जगह से आता है। तकनीकी कारणों से ऐसा हुआ। तकनीकी कारणों से अब जनता की प्यास बढ़ रही है और विभाग की सुविधा भी। सरईझर गांव निवासी रामसुमन साकेत ने जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई कि उनके घर के पास स्वीकृत हेंडपंप को इंजीनियर और कुछ प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से दूसरे स्थान

पर खनन करा दिया गया। रामसुमन साकेत बताते हैं कि इंजीनियर साहब खुद घर आए, फोटो लिए, आधार देखा, नापजोख की, पर जब हेंडपंप खनन तो पास वाले के घर निकल गया। अब गांव के लोग कहते हैं जिसके पास सिस्टम की पहचान है वही पानी का हकदार है। जनसुनवाई में साकेत ने संयुक्त कलेक्टर से कहा साहब पानी नहीं चाहिए, न्याय चाहिए। कलेक्टर ने जांच के आदेश तो दिए मगर जनता जानती है कि जांच का अर्थ है, कुछ दिन कागज घूमेगा, फिर फाइल सो जाएगी। इस जनसुनवाई ने एक सवाल जरूर खड़ा कर दिया, क्या अब न्याय भी पाइपलाइन में फस गया है। क्या हेंडपंप की तरह न्याय भी स्वीकृति तो यहां का है, लेकिन खनन कहीं और की हो रही है। जनता उम्मीद में है कि इस बार सिर्फ हेंडपंप नहीं , सिस्टम की सूखी आत्मा भी थोड़ी सी गीली होगी।

हेडमास्टर के खिलाफ शिकायत:- चितरंगी विकास खण्ड के शासकीय मा. शाला सुकहर में एक दशक के पदस्थ प्रधानाध्यापक के खिलाफ प्रज्ञा महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष ने कलेक्टर के जनसुनवाई में शिकायत की है। आरोप है कि प्रधानाध्यापक द्वारा समूह को परेशान किया जाता है और अपने रिश्तेदारों को देखकर अनुबंध का प्रस्ताव में नाम बदल कर विवाद कराया जा रहा है।

प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ परियोजना एवं इकाई सम्मानित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 नवम्बर। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल की ककरी परियोजना में एक दिवसीय 16वीं अन्तरक्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई।

एनसीएल द्वारा प्राथमिक चिकित्सा कौशल को विकसित करने तथा इसके प्रति कर्मियों, आम जनों व बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम के दौरान सभी टीमों को मार्च पास्ट, प्राथमिक उपचार की विभिन्न थीम के अंतर्गत लगाई गई

प्रदर्शनी, अंडर ग्राउंड खदान एवं ओपन कास्ट खदान में होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित स्ट्रेचर ड्रिल एवं प्राथमिक उपचार से संबंधित प्रैक्टिकल एवं वाइवा के आधार पर अंक प्रदान किए गए । समापन समारोह के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मार्च पास्ट श्रेणी में बीना परियोजना ने प्रथम, दुद्धिचुआ परियोजना ने द्वितीय एवं जयंत परियोजना ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

मंगलवार को नहीं आईं मंत्री, दौरा आज

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 नवम्बर। म.प्र. शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिले की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उइके का जिले में आगमन कल 12 नवम्बर को होगा।

जारी कार्यक्रम के तहत प्रभारी मंत्री आज 11 नवम्बर को रात्रि 8:55 बजे भोपाल स्टेशन से सिंगरौली के लिए प्रस्थान करेंगी एवं कल 12 नवम्बर को बरगवां आगमन एवं सूर्या भवन के लिए प्रस्थान करगी। 9:30 बजे सूर्या भवन आगमन एवं प्रातः 11 बजे सूर्या भवन से सुपेला के लिए प्रस्थान करेंगी। दोपहर 11:30 बजे ग्राम सुपेला आगमन एवं विधायक विश्वामित्र पाठक के निज निवास पर शोक संवेदना के लिए भेट तथा दोपहर 12 बजे सिहावल से सिंगरौली सूर्या भवन के लिए प्रस्थान कर दोपहर 12:30 बजे सूर्या भवन आगमन होगा। तथा दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व, आदिम जाति, कृषि, महिला एवं बाल विकास, पर्यावरण एवं खनिज विभाग की समीक्षा बैठक में शामिल होने के बाद नगर निगम की समीक्षा बैठक में सिरकत करेंगी।

स्वस्थ प्रतियोगी भावना के साथ ऐसे आयोजनों में भाग लें : जोसफ

डी-पॉल के छात्रों ने सतना में आयोजित डाओसेसन स्तर की प्रतियोगिताओं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 11 नवम्बर। क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्कूल डी-पॉल स्कूल विंध्यनगर के छात्र-छात्रा जोनल स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी जीत दर्ज कराने के पश्चात् डाओसेसन स्तर पर सांस्कृतिक और बौद्धिक स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने जोश और उत्साह से सराबोर 55 छात्र प्रधानाचार्य और 5 अध्यापकों के नेतृत्व में सतना गए।

यह प्रतियोगिता सूबे के सतना स्थित काइस्ट ज्योति स्कूल में हुआ। जहाँ तीन जोन

सिंगरौली, रीवा और टीकमगढ़ के चयनित 27 स्कूलों तथा 9 जिलों के छात्रों ने भाग लिया। यह एक बड़ा आयोजन था, जहाँ छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित मंच मिला। छात्रों ने गीत-संगीत, नृत्य, कला, भाषण, प्रश्नोंतरी, एकल अभिनय आदि प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम उपविजेता बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस वर्ष डी-पॉल स्कूल को सभी मानकों में उच्चतम अंक प्राप्त करने पर प्रथम ओवर ऑल इंडिविजुअल चैम्पियनशिप शील्ड प्रदान की गई। छात्रों के अथक प्रयास और अध्यापकों के मार्गदर्शन से प्राप्त सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जोबी जोसफ ने कहा कि भविष्य में भी होने वाली प्रतियोगिताओं में स्वस्थ प्रतियोगी भावना के साथ ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

करकोसा के शिविर में 148 मरीजों का हुआ परीक्षण

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 11 नवम्बर। समुदाय के स्वास्थ्य कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी सीएसआर पहलों के अंतर्गत ग्राम पंचायत करकोसा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

इस शिविर का उद्देश्य आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ, समय पर परामर्श, जाँच और उपचार उपलब्ध कराना था। विंध्याचल अस्पताल की समर्पित चिकित्सक टीम डॉ. प्रतिमा महेन्द्र, डॉ. मयूराक्षी भराली एवं डॉ.

अभिषेक बैस ने शिविर में चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की। कुल 148 लाभार्थियों ने इस स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ उठाया। इस अवसर पर निखिल जायसवाल कार्यपालक भी मौजूद रहे। यह पहल एनटीपीसी के उस निरंतर प्रयास को दर्शाती है, जिसके तहत स्टेशन अपने आसपास के समुदायों में निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करते हुए लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।

भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर गौरव रथ रवाना

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 नवम्बर। जन जाति गौरव दिवस धरती आवा भगवान बिरसा मुण्डा जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में गौरव वर्ष पखवाड़ा 15 नवम्बर तक के शुभ अवसर पर उत्सव रथ का कलेक्ट्रेट प्रांगण से कलेक्टर गौरव बैनल ने हरी झण्डी दिखाकर रथ को रवाना किया। वही रथ में भगवान बिरसा मुण्डा सहित अनेक जन जातीय वीर विरागनाओं के जीवन प्रचार उनके संघर्षो और उनके योगदानो का परिचय देकर अपने जिले की गौरवशाली परम्परा और इतिहास से आम जनता को जोड़ने का माध्यम बनेगा।

अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा मिले : अशोक

किसान कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टोरेट के सामने छः मांग सूत्रीय पत्रों का सौंपा ज्ञापन, कई कांग्रेसी रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 नवम्बर। किसान कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ने आज दिन मंगलवार को कलेक्ट्रोरेट के सामने बिलौंजी में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन में अतिवृष्टि से प्रभावित नुकसान धान फसलो का तत्काल प्रभावित किसानों का मुआवजा सहायता राहत राशि मुहैया कराये जाने की मांग की है। धरना देते हुये कांग्रेसियों ने सभा

को संबोधित करते हुये कहा कि इस वर्ष आसमयिक अतिवृष्टि के कारण किसानो के धान की फसल खराब हो जाने, जम जाने एवं सड़ जाने से फसल पूर्ण रूप से नष्ट हो चुकी है। जिसके कारण किसानो को काफी नुकसान हुआ हैं, किसानों को अत्यधिक क्षति के साथ-साथ मानसिक रूप से भी काफी क्षति हुई है। किसान बहुत परेशान व असहज महसूस कर रहे हैं। सौपे गये ज्ञापन में किसान कांग्रेस कमेटी ने उल्लेख किया है कि बेमौसम एवं अतिवृष्टि के चलते फसल सड़ जाने, जम जाने के कारण किसानों को काफी मात्रा में आर्थिक छति हुई हैं, जिसकी विधिवत मौके पर जांच कराया जाकर आर्थिक छतिपूति शीघ्र एवं त्वरित दिलावाया जाये। चितरंगी विकास खण्ड अंर्तगत मजरो टोला गांव में विद्युतीकरण के लिए सीएसआर एवं डीएमएफ मद से राशि स्वीकृति की गई थी, लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी ठेकेदार के द्वारा मनमानी रवैये के चलते आज दिनांक तक कार्य नहीं हो सका, तत्काल विद्युतीकरण कार्य कराया जाये। किसानों के क्रेडिट कार्ड बिल, लोन एवं बिजली का बिल बिना शर्त पूर्ण रूप से माफ किया जाये। कई वर्षों से आदिवासियों को जंगल के जमीन व उसमे बसे लोगो को वनाधिकार का हक प्रमाण पत्र पट्टा नहीं मिल पा रहा है, पिछले कई वर्षों कई दावा आवेदन पत्र सम्बन्धित कार्यालय में जमा है, तत्काल वनाधिकार आवेदनो की जांच कराकर हक प्रमाण पत्र दिलाया जाये। साथ ही सदियो से पीढ़ी दर पीढ़ी म.प्र. शासन की भूमि पर काबिज कास्त कर रहे लोगो को पट्टा दिलाया जाये ।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, अमित द्विवेदी, नारायण साहू, रूपेशचन्द्र पाण्डेय, सुदर्शन शाह समेत भारी संख्या में कांग्रेसी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।